# स्क्रैपिंग सर्टिफिकेट के बदले नए वाहनों पर छूट

## प्रिलिम्स के लिये:

स्क्रैपेज सर्टिफिकेट, वाहन स्क्रैपिंग नीति 2021, जमा प्रमाणपत्र, रीसाइक्लिंग उद्योग, BS VI युग , सर्कुलर इकोनॉमी, प्रदूषण , बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2022, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम- 2022, ई-अपशिष्ट प्रबंधन नियम- 2022, विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) प्रमाणपत्र ।

## मेन्स के लिये:

सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने में वाहन स्क्रैपिंग नीति 2021 का महत्त्व ।

स्रोत : द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

**ऑटो निर्माता** सीमित समय के लिये पुराने वाहन के **स्क्रैपेज सर्टिफिकेट** के बदले वाणिज्यिक और यात्री वाहनों पर छूट देने पर सहमत हो गए हैं ।

- यह **स्क्रैपेज छूट**, कार डीलरों से अपने वाहन एक्सचेंज करने पर ग्राहकों को मिलने वाली छूट की जगह लेगी ।

## स्वैच्छिक वाहन-बेड़े आधुनिकीकरण कार्यक्रम (V-VMP) क्या है?

- **स्वैच्छिक वाहन-बेड़े आधुनिकीकरण कार्यक्रम** (**V-VMP**) या **वाहन स्क्रैपिंग नीति 2021** भारतीय सड़कों पर पुराने और अनुपयुक्त वाहनों को स्क्रैप करने हेतु एक सरकार प्रायोजित कार्यक्रम है ।
  - यह नीति **20 वर्ष से अधिक पुरानी कारों और 15 वर्ष से अधिक पुराने वाणिज्यिक वाहनों** के लिये पुनः पंजीकरण रोकती है ।
- **वर्तमान घटनाक्रम:**
  - **छूट पर समझौता:** वाहन निर्माता पुराने वाहनों को स्क्रैप करने के बाद नया वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को **1.5% से 3% या 25,000 रुपए** तक की छूट देने पर सहमत हुए हैं ।
  - **स्क्रैपेज शर्तें: वाणिज्यिक वाहन (CV)** निर्माता **दो वर्ष की सीमित अवधि के लिये छूट देने को तैयार हुए हैं और यात्री वाहन (PV) निर्माता जमा प्रमाणपत्र (स्क्रैपेज प्रमाणपत्र)** के बदले एक वर्ष के लिये छूट देने को तैयार हैं ।
  - **राज्य सरकारों द्वारा छूट**: राज्य सरकारों ने स्क्रैपेज नीति में बड़ी रुचि ली है ।
    - कई राज्य ऐसे है, जो पुनर्नवीनीकृत कारों के लिये **रोड टैक्स पर 25-30% छूट दे रहे हैं ।**
- **स्क्रैपेज पॉलिसी के लिये वाहनों का वर्गीकरण:** इन वाहनों को स्क्रैप करने हेतु लागू नियम वाहनों के **वर्गीकरण** के आधार पर अलग-अलग होंगे ।
  - **निजी वाहन:** सभी निजी कारों को उनके पंजीकरण के **15 वर्ष** बाद **फिटनेस टेस्ट से गुजरना** होगा । अगर कार **फिटनेस टेस्ट** पास कर लेती है, तो पंजीकरण का **नवीनीकरण किया जा सकता है, जो 5 वर्ष** के लिये वैध है ।
  - **वाणिज्यिक वाहन**: बस, ट्रक आदि जैसे वाणिज्यिक वाहन पंजीकरण के पहले 8 वर्षों के लिये प्रत्येक दो वर्ष में और **8 वर्ष के बाद प्रत्येक एक में फिटनेस टेस्ट** के लिये पात्र हैं, जब तक कि वाहन की **पंजीकरण आयु 15 वर्ष तक नहीं पहुँच** जाती ।
  - **सरकारी वाहन: 15 वर्ष से अधिक** पुराने सभी राज्य और केंद्र सरकार के वाहनों को स्क्रैप किया जाएगा ।
  - **विंटेज वाहन**: पुरानी कार स्क्रैप पॉलिसी **विंटेज वाहनों** पर लागू नहीं होती है, क्योंकि उनका रखरखाव अच्छी तरह से किया जाता है तथा उन्हें कम ही प्रयोग में लिया जाता है ।
- **V-VMP के लाभ:**
  - **प्रदूषण में कमी:** यह बिना वैध फिटनेस और पंजीकरण के लगभग **1 करोड़ वाहनों** को स्क्रैप करके प्रदूषण को कम करेगा ।
    - देश के मौजूदा **एंड-ऑफ-लाइफ वाहनों** (**ELV**) के बोझ को स्क्रैप करने से वाहन-प्रदूषण के कारण होने वाले **उत्सर्जन में 15-20% की कमी** आएगी ।
  - **स्क्रैपेज उद्योग का औपचारिकीकरण:** नीति का उद्देश्य भारतीय स्क्रैपेज उद्योग को **संगठित, पारदर्शी और पर्यावरण के अनुकूल बनाना** भी है ।
  - **नए वाहनों की मांग:** पुराने और अनुपयुक्त वाहनों को स्क्रैप करने से **ऑटोमोबाइल उद्योग** में मांग बढेगी, क्योंकि **पुराने वाहनों** को अब **नए**

**वाहनों से प्रतिस्थापित** किया जाएगा।
- **वाहन सुरक्षा:** वाहनों की मांग की प्रकृति में वृद्धि होगी। **तुलनात्मक रूप से सुरक्षित** और **तकनीकी रूप से उन्नत वाहनों** जो बेहतर एवं उत्कृष्ट सुविधाओं से लैस होते हैं, **की मांग** होगी।
- **सर्कुलर इकोनॉमी:** इससे रीसाइक्लिंग उद्योग को एक बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।
  - यह न केवल **रीसाइक्लिंग क्षेत्र को और अधिक सक्रिय बनाएगा** बल्कि इस उद्योग में **रोज़गार का भी सृजन** होगा।
  - इसके अलावा यह **अपशिष्ट और रीसाइक्लिंग प्रबंधन के अनुसंधान एवं विकास** में तथा सुधार भी करेगा।
- **सड़क सुरक्षा:** इससे सड़क, यात्री और वाहन सुरक्षा में सुधार होगा।
- **ईंधन दक्षता:** इससे ईंधन दक्षता में सुधार होगा। BS VI युग में पेट्रोल इंजनों को **डीज़ल इंजनों की तुलना में 25% कम** NOx (नाइट्रोजन ऑक्साइड) **उत्सर्जित** करने के लिये अपग्रेड किया गया।

## V-VMP के तहत क्या प्रोत्साहन और हतोत्साहन प्रदान किये जाते हैं?

- **V-VMP के तहत प्रोत्साहन:** पुराने वाहनों को स्क्रैप करने के लिये वाहन मालिकों को प्रेरित करने की नीति में विभिन्न प्रोत्साहन तंत्र शामिल किये गए हैं।
  - **नए वाहनों पर छूट:** स्क्रैपिंग सेंटर द्वारा प्रदान किये गए पुराने वाहन के लिये स्क्रैप मूल्य आमतौर पर नए वाहन की **पूर्व-शोरूम-कीमत का लगभग 4-6%** होता है।
    - सरकार ने ऑटो निर्माताओं को एक नया वाहन खरीदते समय स्क्रैपेज प्रमाणपत्र दिखाने पर **5% की छूट देने** के लिये एक सलाह जारी की थी।
  - **मोटर वाहन कर में रियायत:** राज्य सरकारों को गैर-परिवहन वाहनों के लिये 25% तक और परिवहन वाहनों के लिये 15% तक मोटर वाहन कर में रियायत देने हेतु नियम अधिसूचित किये गए हैं।
  - **पंजीकरण शुल्क से राहत:** नए वाहन की खरीद के लिये पंजीकरण शुल्क माफ किया जाएगा।
- **V-VMP के तहत हतोत्साहन:**
  - **फिटनेस टेस्ट के लिये उच्च शुल्क:** यदि कोई **वाणिज्यिक वाहन 15 वर्ष से अधिक पुराना** है, तो **फिटनेस टेस्ट और फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने के लिये अधिक शुल्क** लगेगा।
  - **उच्च पंजीकरण नवीनीकरण शुल्क:** यदि कोई **निजी वाहन 15 वर्ष से अधिक पुराना** है, तो **पंजीकरण नवीनीकरण शुल्क अधिक** होगा।
  - **ग्रीन सेस:** वाहन स्क्रैप पॉलिसी 2021 की नीति रूपरेखा के अनुसार, रोड टैक्स के अलावा **पुराने वाहनों पर 10-15% का ग्रीन सेस** लगाया जाएगा।




## सर्कुलर इकोनॉमी क्या है?

- **परिचय:** सर्कुलर इकोनॉमी एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें **उत्पादों और सामग्रियों को रखरखाव, पुनः उपयोग, नवीनीकरण, पुनः निर्माण, पुनर्चक्रण तथा खाद बनाने** जैसी प्रक्रियाओं के माध्यम से प्रचलन में रखा जाता है।
    - सर्कुलर इकोनॉमी सामग्री और उत्पादों को यथासंभव **लंबे समय तक प्रचलन** में रखती है।
- **लाभ:** चक्रीय अर्थव्यवस्था, सीमित संसाधनों के उपभोग से आर्थिक गतिविधि को अलग करके जलवायु परिवर्तन तथा अन्य वैश्विक चुनौतियों, जैसे जैवविविधता की हानि, अपशिष्ट और प्रदूषण से निपटती है।
- **सर्कुलर इकोनॉमी के तीन सिद्धांत:**
    - अपशिष्ट और प्रदूषण को खत्म करना
    - उत्पादों और सामग्रियों का प्रसार करना (उनके उच्चतम मूल्य पर)
    - प्रकृति को पुनर्जीवित करना
- **सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिये भारत की पहल:**
    - बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2022
    - प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2022
    - ई-अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2022
    - विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) प्रमाणपत्र

## निष्कर्ष

वाहन स्क्रैपिंग नीति 2021 पुराने और **अक्षम वाहनों को स्क्रैप करने को प्रोत्साहित करके वाहनों से होने** वाले प्रदूषण को कम करने तथा स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह कार्यक्रम वाहन निर्माताओं एवं **उपभोक्ताओं** को नए, अधिक कुशल वाहन अपनाने के लिये प्रोत्साहित करता है, जिससे सरकार के सर्कुलर अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों का समर्थन होता है। अंततः **V-VMP से उत्सर्जन** नियंत्रण व संसाधन प्रबंधन के वैश्विक मानकों के साथ तालमेल बिठाते हुए आर्थिक विकास में योगदान मिलता है।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

**प्रश्न.** पर्यावरणीय स्थिरता और आर्थिक आधुनिकीकरण की दिशा में भारत के प्रयासों के संदर्भ में वाहन स्क्रैपिंग नीति 2021 के महत्त्व पर चर्चा कीजिये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

### ??????????

**प्रश्न. अम्ल वर्षा किन पर्यावरण प्रदूषण के कारण होती है (2013)**

(a) कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन
(b) कार्बन मोनो-ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड
(c) ओज़ोन और कार्बन डाइऑक्साइड
(d) नाइट्रस ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड

**उत्तर: (d)**

---

### ?????

**प्रश्न. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा हाल ही में जारी किये गए संशोधित वैश्विक वायु गुणवत्ता दिशा-निर्देशों (AQGs) के मुख्य बिंदुओं का वर्णन कीजिये। विगत 2005 के अद्यतन से ये किस प्रकार भिन्न हैं? इन संशोधित मानकों को प्राप्त करने के लिये भारत के राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में किन परिवर्तनों की आवश्यकता हैं? (2021)**

**प्रश्न. भारत सरकार द्वारा आरंभ किये गए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एन.सी.ए.पी.) की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं? (2020)**